उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)

मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ

वेबसाइटः **hajcommittee.up.gov.in** ; ई–मेल : **hajcommittee.up@gmail.com**

पत्रांक : जी– ।।/378/एस0एच0सी0/2024 दिनांक : 03.09.2024

सेवा में

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी,
लखनऊ/बरेली/ग़ाजियाबाद।

विषयः हज–2025 के इच्छुक हज आवेदकों को पासपोर्ट निर्गत किये जाने की सुविधा के सम्बन्ध में।

महोदय,

हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा दिनांक 13 अगस्त, 2024 को हज–2025 की घोषणा की गयी है तथा हज ऑनलाइन आवेदन आरम्भ हो गया है, आवेदन करने की अन्तिम तिथि 09 सितम्बर, 2024 निर्धारित की गयी है। हज–2025 की गाइडलाइंस के अनुसार हज आवेदन हेतु आवेदकों के पास अन्तिम तिथि से पूर्व जारी वैध मशीन द्वारा पठनीय भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट उपलब्ध हो और जिसकी अवधि कम से कम 15 जनवरी, 2026 तक हो।

उपरोक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि गत वर्षों की भांति हज–2025 के इच्छुक हज आवेदकों हेतु पासपोर्ट शीघ्र निर्गत करने, नोडल अधिकारी नामित करने, पासपोर्ट कार्यालयों में हज सुविधा काउण्टर स्थापित करने, हज आवेदकों के लिए ऑनलाइन अपाइॅटमेंट स्लॉट आरक्षित करने तथा हज से सम्बन्धित प्रकरणों में शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का कष्ट करें।

अतः उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि पासपोर्ट कार्यालय के सत्यापन अधिकारी, अनुदान अधिकारी एवं सेवा प्रदाता के सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को उक्त निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें, जिससे कि हज आवेदकों के प्रकरणों के निस्तारण में सुविधा हो सके व पासपोर्ट आवेदन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि 09.09.2024 से पूर्व निर्गत हो सकें, जिससे कि हज–2025 हेतु इच्छुक आवेदकों के ऑनलाइन आवेदन हो सकें।

भवदीय,

संलग्नक : हज कमेटी आफ इण्डिया की घोषणा।

(एस.पी. तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

पत्रांक ....तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को कृत कार्यवाही से अवगतार्थ।
2. निजी सचिव मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0।
3. मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति।
4. मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति।
5. अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
6. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
7. हज सत्र –2025 पत्रावली हेतु।

(एस.पी. तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी